# शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ
## संत ज़ेवियर कॉलेज, रांची

# फादर रेक्टर सुधीर कुमार मिंज का स्वागत

दिनांक: 14-12-2024
स्थान: कॉलेज ऑडिटोरियम

संत जेवियर कालेज के नवनियुक्त रेक्टर फा सुधीर कुमार मिंज ये.स. का स्वागत समारोह फा डिब्रावर सभागार में 14 दिसम्बर 2024 को अपराहन 3 बजे से 4.30 बजे तक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष कमल सर के द्वारा की गयी।

फा0 रेक्टर को स्वागत गीत के माध्यम से बधाईयां दी गयी एवं फूल गुच्छा और शाल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने आर्षीवचन में समय का सदुपयोग करने अपने कर्तव्य में ईमानदार रहने एवं कार्यों को सही क्रम में करने का आहवान किया। परामर्श के तौर पर उन्होंने अनेक उपयोगी सलाहें दीं और समस्याओं के समाधान हेतु सही जगह में बात रखने की सलाह दीं। उन्होंने इन्ही संदेशों के साथ सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को ढेर सारी शुभकामनाएँ दी। फा0 रेक्टर के संदेशों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उपाध्यक्ष मिसेस करूणा डुंगडुंग ने धन्यवाद ज्ञापन पेश दिया।




SXC


SXC



# क्रिसमस गैदरिंग 2024

दिनांक: 21-12-2024
स्थान: कॉलेज प्रांगण

संत जेवियर कालेज के रेक्टर डा. फा. सुधीर कुमार मिंज ने 21 दिसम्बर 2024 को आयोजित क्रिसमस गैदरिंग पवित्र मिस्सा की अगुवाई की। मिस्सा समाप्त होने के बाद कॉलेज प्रांगण में निर्मित विषाल चरनी की आषिष की गयी जिसमें संत जेवियर कालेज समुदाय के सभी फादर, शिक्षकेत्तर कर्मी और छात्र छात्राएँ उपस्थित थे। उसके बाद सभी शिक्षिकेत्तर कर्मचारी बासकेट बॉल कोर्ट में क्रिसमस गैदरिंग के लिए जमा हुए। वहाँ एक छोटा कार्यक्रम इस प्रकार रहा- चरनी की आषिष  - केक कटिंग - कैरोल नृत्य संगीत। प्राचार्य डा. फा. नबोर लकड़ा एवं बरसर फा. रवि हेमंत कुजूर ने क्रिसमस संदेश दिया।

सभी शिक्षकेत्तर सहकर्मियों ने क्रिसमस गैदरिंग नाच-गान और स्वादिष्ट भोजन का भरपूर मजा लिया। अंत में कमल सर ने सभी की धन्यवाद देते हुए वर्ष 2025 के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ दीं और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।






Christmas
ear 2025
, Ranchi